हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

11 ब्राह्मण सभा ने हर्षोल्लास से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव...



12 फतेहाबाद की मंडियों में खरीद से ज्यादा उठान को लेकर बवाल...



## खबर संक्षेप

### चैरिटेबल अस्पताल का शिलान्यास 2 को

**फतेहाबाद।** श्रीराम सेवा समिति फतेहाबाद द्वारा निर्माणाधीन चैरिटेबल अस्पताल का शिलान्यास समारोह 2 मई को होगा। इस शिलान्यास समारोह में प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति राजकुमार जिंदल व अग्रवाल सभा के संरक्षक समाजसेवी देवीदयाल तायल मुख्यअतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम सेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुढलाडिया करेंगे।

### बाइक की टक्कर से महिला सहित दो घायल

**फतेहाबाद।** गांव अहरवां में एक मोटरसाइकिल ने नरेगा के तहत काम कर रही दो मजदूरों में टक्कर दे मारी। हादसे में घायल महिला व पुरूष को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अहरवां निवासी शम्मी सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने पड़ोस में रहने वाली महिला मनजीत कौर के साथ गांव में एचडीएफसी बैंक वाली गली में नरेगा स्कीम के तहत इंटरलॉक उखाड़ने का काम कर रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।

### ससुर से मारपीट के मामले में चार काबू

**फतेहाबाद।** सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव गिलांखेड़ा में अपने पारिवारिक सदस्यों द्वारा अपने ससुर से मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए चार युवकों को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान विनोद नाथ पुत्र मालानाथ, दिनेश नाथ पुत्र महाबीर नाथ, रोहित उर्फ बिट्टू पुत्र गुलशन नाथ, सुनील नाथ पुत्र मालानाथ निवासी गिलांखेड़ा के रूप में हुई है।

### दान पात्र चोरी की गुत्थी सुलझी, आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए अनाज मंडी स्थित मंदिर से दान पात्र तोड़ कर पैसे चोरी करने की घटना को अंजाम देने वाले युवक को शहर थाना की जेजे कॉलोनी पुलिस चौरी ने मात्र 12 घंटे में काबू कर लिया है। इस संबध मे विस्तार से जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान विक्की उर्फ गोंदर पुत्र रामकुमार निवासी गली नंबर 2 प्रेम नगर सिरसा के रूप में हुई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**सिरसा।** जिला न्यायालय परिसर में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम में केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 10 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस ने जोधपुर से पकड़ा साइबर ठग

**सिरसा।** पुलिस ने 4 लाख 63 हजार रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साइबर थाना प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रमेश कुमार निवासी जोधपुर राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ममेरा कलां निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस को शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि हमारे टेलीग्राम एप से जुडक़र घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ो रुपए कमा सकते हो। इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा।

## डिमांड में कमी के चलते औंधे मुंह गिरे भाव

# 1100 के भाव की तूड़ी अब 200 रुपये क्विंटल बिक रही

### गोशालाओं के पास ज्यादा दान मिलने से जगह की पड़ी कमी, किसान धड़ व कूप बनाकर तूड़ी का कर रहे स्टाक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

प्रदेश में पशुधन की कमी और राजस्थान में हुई बरसात के चलते गेहूं की तूड़ी के दाम गिर गए हैं। दो वर्ष पूर्व प्रदेश में तूड़ी के भाव 1100 रुपये क्विंटल थे तो इस बार गिरकर तूड़ी के दाम 200 रुपये प्रति क्विंटल तक रह गए। इससे किसानों को प्रति एकड़ 6 से 8 हजार रुपये नुकसान झेलना पड़ रहा है। तूड़ी के दामों में बढ़ोतरी की उम्मीद को देखते हुए कई किसानों ने अपने खेतों में धड़ व कूप बनाकर तूड़ी का स्टाक कर लिया है। इतना ही नहीं, अनेक किसानों ने गोशालाओं में पहले से तीन गुणा तक तूड़ी दान दी है। अब हालात यह है कि गोशालाओं के पास तूड़ी रखने के लिए जगह भी नहीं बची है। गेहूं कटाई के बाद गेहूं के फाने करीब 1500 से 2 हजार रुपये प्रति एकड़ बिक जाते थे। इस बार इसके दाम 300 रुपये प्रति एकड़ भी नहीं मिल रहे। जिसके चलते तूड़ी औसत 500 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक जाती थी। 3 साल पूर्व जब गेहूं का उत्पादन कम हुआ तो तूड़ी भी कम हुई। तब यहां से तूड़ी रेवाड़ी, राजस्थान की तरफ जाने लगी तो प्रदेश में तूड़ी के दाम बढ़कर 1100 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए। तूड़ी चारे के दामों में भारी वृद्धि हुई तो दूध डेयरी संचालकों को फायदे की बजाय नुकसान होने लगा। इसके बाद डेयरी संचालकों व छोटे पशुपालकों ने पशुधन बेच दिया। दूसरा, इस बार राजस्थान में पर्याप्त बारिश के कारण बाजरा व सरसों का चारे का भी खासा उत्पादन हुआ। इस कारण यहां से जाने वाला पशुचारा इस बार राजस्थान नहीं जा रहा। प्रदेश का किसान जब गेहूं कटाई करता था तो उसके बाद पशुपालक यहां गेहूं के फाने खरीदने आते थे। जिसके रेट 1500 से 2 हजार रुपये प्रति एकड़ मिल जाते थे और वह लोग खेत में खड़ा चारा ही अपने आप काटकर ले जाते थे। उनकी तूड़ी 500 रुपये प्रति क्विंटल बिक जाती थी। इस बार गेहूं के फाने के रेट प्रति एकड़ 300 रुपये भी नहीं मिल रहे, जिस कारण तूड़ी के दाम 150 से 200 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर गए।



फतेहाबाद। तूड़ी निकालते किसान।

### 2 वर्ष पूर्व तूड़ी का पड़ा था टोटा

*एक एकड़ में किसान को करीब 18 क्विंटल तूड़ी मिलती है। वर्ष 2023 में किसान को 18 से 20 हजार की तूड़ी प्रति एकड़ मिली थी। इसके बाद इस बार गिरकर 3 हजार तक आ गए हैं। औसत 500 रुपये प्रति क्विंटल तूड़ी के दाम मिलते हैं। ऐसे में किसान को 3 हजार से 5 हजार रुपये प्रति एकड़ नुकसान झेलना पड़ रहा है। बड़ी बात यह है कि किसान खेत से तूड़ी निकालकर अपने खलिहान में रखता है या फिर कहीं स्टाक करता है तो प्रति ट्राली 400 रुपये लेबर देनी ही होती है। इस समय कम्बाइन से गेहूं काटने के बाद रीपर से तूड़ी बनाने का काम चल रहा है। किसान धड़ व कूप बनाकर तूड़ी स्टाक कर रहे हैं ताकि रेट बढ़ने पर उन्हें कुछ फायदा हो सके। गेहूं कटाई के बाद प्रत्येक किसान अपने गांव की गौशाला में कुछ न कुछ तूड़ी अपनी ओर से दान करता था। 2 वर्ष पूर्व जब तूड़ी के दाम बढ़े तो गौशालाओं में भी तूड़ी का टोटा पड़ गया। ऐसे में गोशालाओं को तूड़ी महंगे दामों पर खरीदनी पड़ी। इस बार हालात उसके विपरीत हैं। जो किसान एक ट्राली गौशाला में तूड़ी दान करता था, इस बार वह 3 ट्राली तूड़ी दान कर रहा है ताकि आने वाले सालों में भी तूड़ी काम आ सके। ऐसे में गौशालाओं के पास तूड़ी स्टाक के लिए गोदाम ही नहीं बचे। गोशाला संचालक खुले में अपने प्लाटों में तूड़ी स्टाक कर रहे हैं।*

# थाने में शॉर्ट सर्किट से धमाका

- 11 हजार वोल्ट की बिजली सप्लाई बॉक्स में लगी आग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

पुलिस स्टेशन भूना में मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। 11 हजार वोल्ट की बिजली सप्लाई बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद आग लग गई। गनीमत रही कि आग प्रधान लिपिक कार्यालय तक नहीं पहुंची। वहां रखा जरूरी रिकॉर्ड और सामान सुरक्षित रहा। धमाका होते ही महिला और पुरुष पुलिसकर्मी बाहर निकले। उन्होंने मिट्टी और कपड़ों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान बिजली सप्लाई बंद हो गई। जिससे थाना का कामकाज कई घंटे तक ठप रहा। प्रधान लिपिक सुरेश कुमार सिवाच ने बिजली निगम के एसडीओ अमित कुमार को सूचना दी। एसडीओ ने कनिष्ठ अभियंता राजेश कुमार को मौके पर भेजा। उन्होंने जली हुई केबल को बदलने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस स्टेशन की बिजली सप्लाई दोबारा शुरू की गई।



भूना। पुलिस स्टेशन के बिजली सप्लाई बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से जली हुई केबल।

# मुख्यमंत्री के बार-बार दिए आदेशों की अवहेलना कर रहे अधिकारी

- आदेशों के बावजूद नहीं बस नहीं चलाने से विद्यार्थियों में रोष
- सीएम को झूठी रिपोर्ट भेजने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

वर्तमान भाजपा सरकार में अफसरशाही इस कद्र हावी है कि अधिकारी मुख्यमंत्री तक के आदेशों की भी परवाह नहीं करते। जिसका ताजा उदाहरण है गांव माखोसरानी के विद्यार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री को बस चलाने के लिए दिए गए मांग पत्र पर सीएम के आदेशों के बाद भी अधिकारियों द्वारा बस न चलाना। गांव माखोसरानी निवासी राहुल सुथार, अजय, राजेन्द्र, सोनू ने बताया कि वे गांव माखोसरानी के निवासी हैं।

गांव में बस समस्या को लेकर वे मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ सीएम हाउस में मिले थे और मुख्यमंत्री से निवेदन किया था कि हमारे गांव में छात्र-छात्राओं को बस में लटक कर शिक्षा के लिए जाना पड़ता है और शाम को जाने के लिए कोई बस नहीं है। पहले हमारे गांव में बस रात को रुकतीं थी, जिसे बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने समस्या को देखते हुए उनकी शिकायत को सिरसा के रोडवेज महाप्रबंधक को मार्क कर दिया। कुछ दिन बाद हमारे पास सिरसा रोडवेज से फोन आया और उन्हें बस स्टेंड में बुलाया। जब वे महाप्रबंधक के पास गए तो महा प्रबंधक ने बस चलाने से स्पष्ट इनकार कर दिया। इसके बाद हम दोबारा मुख्यमंत्री से फिर मिले और मुख्यमंत्री को बताया कि महाप्रबंधक ने कहा है कि मुख्यमंत्री से ही बस चलवा लेना। सीएम ने हमारी बात को सुनते हुऐ दूसरी बार फिर शिकायत को सिरसा डिपो में भेज दिया। हमें फोन कर फिर से बुलाया गया। सुधीर कुमार यातायात प्रबंधक एक महिला क्लर्क वहां बैठी हुई थी। दोनों ने हमें धमकाया और कहा कि आप पर मुकदमा दर्ज कराएंगे।

मुकदमा दर्ज करने की धमकी की शिकायत उन्होंने सीएम विंडो पर कर दी, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। 27 अप्रैल को मुख्यमंत्री फिर साइक्लोथॉन के लिए सिरसा आए और हमने फिर से शिकायत दी, जिस पर उन्होंने फिर से आश्वासन दिया। विद्यार्थियों का कहना है कि जब बस नहीं चलानी तो हमारे गांव के विद्यार्थियों के पास क्यों बनाए जाते हैं। यातायात प्रबंधक ने सरकार को झूठी रिपोर्ट दी कि माखोसरानी गांव में हर 15 मिनट में बस आती जब माखोसरानी में हर 15 मिनट में बस है तो वहां जरूरत नहीं है। यातायात प्रबंधक सुधीर कुमार को जनता से व छात्र-छात्राओं से कोई लेना देना नहीं है। उनकी मुख्यमंत्री से मांग है कि विद्यार्थियों की समस्याओं को देखते हुए पूर्व की भांति बस सेवा बहाल की जाए।

# फ्लिपकार्ट से चोरी हुए मोबाइल मामले में कंपनी के दो कर्मी सहित चार काबू

- करीब 17 मोबाइल फोन की हुई थी चोरी, पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस ने फ्लिपकार्ट कंपनी से मोबाइल चोरी होने के मामले में चार आरोपियों पंजाब के मुक्तसर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। डीएसपी रमेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान हेमंतपाल, भारत सिंह, सुखविंदर सिंह व अमनदीप उर्फ शेखु जिला मुक्तसर पंजाब के रूप में हुई है। डीएसपी रमेश कुमार ने बताया कि बलवान सिंह निवासी हिसार की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। उन्होने बताया कि जांच के दौरान साइबर सेल व स्पेशल स्टाफ की सहायता से चार आरोपियों को काबू किया गया है। जो आरोपी हेमतपाल व भारत सिंह उर्फ भारती ने पूछताछ में बताया कि वह दोनों गिद्दड़बाहा में फ्लिपकार्ट कंपनी में नौकरी करते हैं और बताया कि जब गाड़ी में मोबाइल आए तो इस दौरान उन्होंने 17 मोबाइल भी चोरी कर लिए थे। फिर उन दोनो ने मिलकर सुखविन्द्र सिंह व अमनदीप उर्फ शेखु को 8 मोबाइल बेच दिए थे। आरोपियों के कब्जे से 9 चोरीशुदा मोबाइल बरामद किए गए हैं।



सिरसा। मामले की जानकारी देते डीएसपी। फोटो: हरिभूमि

# बाहरी संस्थानों को दान दक्षिणा देने का बहिष्कार

- ग्राम पंचायत आनन्दगढ़ की बैठक मे लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ओढां

ग्राम पंचायत आनन्दगढ़ ने गांव में बाहरी लोगों को किसी भी प्रकार की दान दक्षिणा देने का पूर्णतया बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। मंगलवार को गांव के सरपंच विकास कुमार की अध्यक्षता में पंचायत सदस्यों व गांव मौजूज व्यक्तियों की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गांव में कोई भी बाहरी व्यक्ति, संस्था, एनजीओ, वृद्धाश्रम व बाहरी भिखारी सहित इन सभी लोगों का पूरा बहिष्कार किया जाना है। उपरोक्त सभी को किसी प्रकार की दान दक्षिणा, गेंहू, नकदी आदि कुछ भी नहीं देना है। क्योंकि गांव के अन्दर रोजाना नये नये लोग पैसे व गेंहू मांगने आ जाते हैं। जिससे गांव में सभी लोगों को समस्या बनी रहती हैं। इसलिये जरूरी है कि गांवो में बाहरी व्यक्तियों द्वारा कोई अप्रिय घटना होने से बचा जा सके। ग्राम पंचायत द्वारा लिए गए इस निर्णय की गांव में चारों ओर प्रशंसा हो रही है। गांववासियों का कहना है कि यह बाहरी लोग दान दक्षिणा के बहाने रेकी करके चोरी व लूटपात की घटनायों को अंजाम देते हैं। यह लोग अक्सर दोपहर को उस समय आते हैं जब पुरुष घर में नही होते और यह महिलाओं को बहला फुसलाकर व डरा-धमका कर जबरदस्ती गेंहू आदि ले जाते है।



सिरसा। गांव आनन्दगढ़ में सरपंच विकास कुमार की अध्यक्षता प्रस्ताव को पारित करते हुए गांववासी। फोटो: हरिभूमि

# नेशनल हाइवे 9 पर अंडरब्रिज या ओवरब्रिज बनाने की मांग

- सांसद सैलजा ने मंत्री नितिन गडकरी को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजा है। सैलजा ने पत्र के माध्यम से नेशनल हाईवे-9 पर डिंग, ओढां, साहुवाला प्रथम, चोरमार और सांवतखेडा में अंडरब्रिज या ओवर ब्रिज बनाने की मांग की है। बनवाए जाए ताकि आसपास के ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और हादसे में किसी को जान न गंवानी पड़े। सैलजा ने सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में कहा है कि इस संदर्भ में आपसे पहले भी अनुरोध किया गया था। सिरसा में आयोजित दिशा की बैठक में पता चला कि इस दिशा में ऐसी कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। सैलजा ने कहा कि हिसार से डबवाली के बीच एनएच-9 पर कुछ डेंजर प्वाइंट हैं जहां पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और कई लोगों की जान जा चुकी हैं। इस मार्ग पर डिंग, मोरीवाला, ओढां, चोरमार, साहुवाला प्रथम और सांवतखेड़ा ऐसे गांव है जो सडक़ के दोनों ओर बसे हुए हैं। इन गांवों में दुर्घटना संभावित स्थल पर ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज बनाकर हादसों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही दुर्घटना संभावित स्थल के आसपास संकेतक लगाए जाएं ताकि वाहन चालक सचेत हो सके और स्ट्रीट लाइट का भी उचित प्रबंध हो। सैलजा ने कहा है कि अभी हाल ही में आपके मंत्रालय की ओर से हिसार से डबवाली तक हाईवे की मरम्मत कार्य के लिए 147.02 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है, इस राजमार्ग की मरम्मत के साथ नाला की मरम्मत की ओर भी ध्यान दिया जाए।

## वेरिफिकेशन न होने पर पुलिस करेगी नियमानुसार कार्रवाई : एसपी

# किरायेदारों व नौकरों की कराएं वेरिफिकेशन

- आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए लिया एक्शन
- किरायेदारों का आधार कार्ड भी मालिक के पास होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से कहा है कि असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने हेतु घरों में बाहर से आये हुए किरायेदार व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें क्योंकि कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति जो बाहर से आकर किराये पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते है।

फिर उनका रिकार्ड ना तो मकान मालिक के पास होता ना पुलिस के पास होता है इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए बाहर से आए हुए किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकार्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें। एसपी ने कहा कि पुलिस द्वारा किरायेदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन हेतु समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाता रहा है। अभियान के तहत जितना जल्दी संभव हो अपने किरदारों व नौकरों का पुलिस वेरिफिकेशन करा लें। वेफिफिकेशन करवाने से यह पता चल जाएगा कि किरायेदार अथवा नौकर किसी आपराधिक मामले का आरोपी यहां किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति तो नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला फतेहाबाद के सभी व्यापारिक संस्थान, औद्योगिक संस्थान, फैक्ट्रियां, ढाबा व रेस्टोरेंट व ठेकेदारों के पास जितने भी बाहरी राज्यों के कर्मचारी हैं, उनकी पुलिस वेरिफिकेशन करवा कर ही काम पर रखें। इसका रिकॉर्ड संबंधित थाना-चौकी में भी जमा करवाएं तथा जो लोकल लोग काम कर रहे हैं उनका आधार कार्ड भी मालिक के पास होना चाहिए। जिसने भी इस कार्य में कोताही बरती उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में सत्यापन के लिए एक रजिस्टर है, जिसमें थाना क्षेत्र के नौकर व किरायेदारों की तस्वीर के साथ उनका परिचय होता है। सत्यापन से अपराध पर भी अंकुश लगता है। सत्यापन नहीं कराने का परिणाम बड़ी-बड़ी घटनाओं के रूप में सामने आता है। जबकी वेरिफिकेशन होने उपरांत असल आरोपी पर शीघ्र ही शिकंजा कसने में कामयाबी मिलती है।



फतेहाबाद। बाजार का पैदल दौरा करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो: हरिभूमि

### एसपी ने किया शहर का पैदल दौरा

एसपी सिद्धांत जैन ने मंगलवार को शहर के बाजारों का पैदल दौरा किया। एसपी ने जवाहर चौक से पैदल दौरे की शुरूआत की। उन्होंने जवाहर चौक, थाना रोड, फव्वारा चौक सहित अनेक बाजारों का भ्रमण कर शहर के हालात की जानकारी ली। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। बाजार में अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति न बने, इसको लेकर ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी बाजारों में लगातार गश्त करें।



# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

## लाइफ Style



# तृप्ति
## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

## टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक
## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टु' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में
## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

*मुंबई। जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।






### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।






**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।

## खबर संक्षेप

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 26 हजार ठगे, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर ठग ने रतिया के एक अकाउंटेंट से करीब 26 हजार रुपये ऐंठ लिए। इस बारे पीड़ित युवक की शिकायत पर रतिया पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 3, हनुमान कालोनी, रतिया निवासी सतपाल ने कहा है कि वह अनाज मण्डी में अकाउटेंट का काम करता है। उसके पास एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड है। गत दिवस उसके मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाली युवती ने कहा कि वह एचडीएफसी बैंक से बोल रहा है। उसके पास क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर आया हुआ है जिससे उसे कई प्रकार के लाभ मिलेंगे। इस पर उसने लिमिट बढ़वाने से मना कर दिया और फोन काट दिया। थोड़ी देर में उसके

### युवती से ठगों ने 27 हजार ठगे, ज्यादा पैसे भेजने के नाम पर की ठगी

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक युवती से हजारों रुपये ठग लिए। आरोपी ने पहले फर्जी मैसेज भेजा और कहा कि गलती से पैसे ज्यादा भेज गए हैं। आप वापस कर दीजिए। इसके बाद लडक़ी को पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सिधानी की रहने वाली काजल बताया कि 6 अप्रैल को मोबाइल पर एक अनजान व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि उसे उसके पिता गुरचरण सिंह को 3 हजार रुपए देने थे। ठग ने बताया कि गुरचरण का गूगल-पे नहीं चल रहा था, इसलिए उसने काजल का नंबर लिया था। ठग ने काजल को बताया कि उसने गलती से 3 हजार की जगह 30 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं। उसने काजल को एक फर्जी पेमेंट मैसेज भी भेजा। फिर उसने बाकी के 27 हजार रुपए वापस मांगे। ठग ने रुपए लेने के लिए एक क्यूआर कोड भेजा।

### जीएसटी कानून में सुधारों की आवश्यकता : धूपवाला

**हिसार।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूपवाला ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025- 26 के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन ने आयकर दाताओं को भारी छूट देते हुए 12 से -12.75 लाख रुपये तक सालाना छूट देने का प्रावधान किया है। यह पिछले वित्तय वर्ष के मुकाबले बहुत बड़ी छूट है। छोटे करदाताओं को सरकार के इस फैसले से बहुत बड़ी राहत मिलेगी। सुरेश गोयल ने कहा कि वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में जीएसटी की दरों को भी तर्कसंगत बनाने और इसके सरलीकरण करने की ओर संकेत दिया था। देश का छोटा व्यापारी वर्ग वित्त मंत्री के इस कथन की बेसब्री से इंतजार कर रहा है। धूपवाला ने कहा कि जीएसटी कानून में बड़े सुधारों की आवश्यकता अभी भी बनी हुई है। सुरेश गोयल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की तर्ज पर देश के अन्य प्रदेशों में भी व्यापारी और विभाग के बीच सेटलमेंट योजना को लागू कर दिया जाए तो विवादों का तीव्र गति से निपटान होगा जहां सरकार को अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी।

## श्री गीता भवन मंदिर में हवन यज्ञ व विचार गोष्ठी का किया आयोजन

# ब्राह्मण सभा ने हर्षोल्लास से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर माल्यार्पण करते लोग। फोटो : हरिभूमि

भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर श्री गीता भवन मंदिर में हवन यज्ञ संकीर्तन व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतिंद्र सिंह ने शिरकत की। सर्वप्रथम मंदिर परिसर में हवन यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित महानुभावों ने आहूति डालकर पुण्य कमाया। इसके बाद भगवान परशुराम चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम हुआ, जिसमें समाज के लोगों सहित अनेक महानुभावों ने माल्यार्पण किया।

इस मौके पर मुख्यातिथि एडवोकेट यतिंद्र सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। इनका जन्म बैशाख माह की शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को हुआ था। ऐसा माना जाता है कि भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था, इसी लिए जिस दिन प्रदोष काल के दौरान तृतीया होती है, उस दिन भगवान परशुराम की जयंती को विशेष रूप से मनाया जाता है। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति की क्षति नहीं होती थी। इसके बाद मंदिर में महिला संकीर्तन मंडल द्वारा कीर्तन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थिति बुद्धिजीवियों ने अपने-अपने विचार रखे। इसके बाद भगवान परशुराम को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व राजनीतिक सलाहकार मुख्यमंत्री जगदीश चोपड़ा, बृजमोहन शर्मा विश्व हिंदु परिषद विभागाध्यक्ष, सुनील शर्मा डायरेक्टर सीडीएलयू, मनीष सिंगला, समाजसेवी कुलदीप कौशिक हैड ऑफ डिपार्टमेंट सीडीएलयू, हरपिंद्र शर्मा, कर्मवीर नगर कार्यवाहक राष्ट्रीय संघ एवं सेवक संघ, नवीन केडिया, शांति स्वरूप भट्टी चेयरमैन नगर परिषद, नगर के सभी पार्षद, अशोक वर्मा, यशपाल भारद्वाज, आरके भारद्वाज, श्याम बजाज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भगवान परशुराम हमेशा गरीब और जरूरतमंदों की करते थे मदद : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- भगवान परशुराम रोड स्थित मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाई जयंती
- ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज को सही दिशा दिखाने का काम किया

टोहाना में भगवान परशुराम रोड स्थित मंदिर परिसर में जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान विजय शर्मा ने की और सुबह सवा 8 बजे हवन का आयोजन किया गया। इसके बाद सवा 10 बजे जयंती समारोह और सवा 11 बजे भंडारे का आयोजन हुआ। नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता अंकित वशिष्ठ, सुभाष भान और सतीश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में बलबीर शर्मा, नरेश शर्मा, मदनलाल शर्मा, जगदीश शास्त्री, जय नारायण शर्मा और राजेंद्र शर्मा ने भाग लिया। प्रधान विजय शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम हमेशा गरीब और जरूरतमंदों की मदद करते थे। ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज को सही दिशा दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज पहले भी श्रेष्ठ था और अभी भी श्रेष्ठ है, जो समाज हित के कार्य करने में आगे रहता है। शर्मा ने कहा कि नगर परिषद द्वारा भगवान परशुराम का सुंदर गेट का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जिससे इस रोड की सुंदरता को चार चांद लगेंगे।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी के मामले में पकड़े गए दोनों युवक।

## क्रेडिट कार्ड के नाम पर साइबर ठगी के मामले में दो युवक गिरफ्तार

- दोनों युवकों से पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के साथ-साथ ठगों की धरपकड़ को लेकर विशेष निर्देश दिए गए है। इन निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने यूपी से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों पर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 1 लाख रुपये ठगने का आरोप है। पकड़े गए युवकों की पहचान विशाल शाह पुत्र बलराम शाह निवासी विजय नगर, गाजियाबाद, यूपी तथा ललित लोढी पुत्र हरवीर सिंह निवासी एलना जिला औरंगाबाद हाल वाजिदपुर, सैक्टर 62, नोएडा के रूप में हुई है। दोनों युवकों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 जुलाई को जाखल मण्डी निवासी महावीर प्रसाद की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी जाखल मण्डी में मेडिकल की दुकान है। उसके पास इंडसईंड बैंक का क्रेडिट कार्ड है। उसके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर आया हुआ है। इसके बाद उसके व्हाट्सएप नंबर पर लिंक भेजा। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसके पास एक ओटीपी आया। उसने जैसे ही यह ओटीपी उस लिंक में डाला तो उसके क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 635 रुपये कट गए। इस पर उसने अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला और उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी ने आरोपियों बारे अहम सुराग दो जुटाते हुए दोनों युवकों को विजय नगर गाजियाबाद और गौर सिटी, नोएडा से गिरफ्तार कर दोनों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## साइबर ठगों ने भूना के व्यक्ति को बनाया शिकार, 10 हजार रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की

साइबर ठगों ने भूना के एक व्यक्ति को अपना शिकार बनाते हुए उससे 10 हजार रुपये ठग लिए। इस बारे पीड़ित युवक की शिकायत पर भूना पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बुआन निवासी सुरेन्द्र सिंह ने कहा है कि गत दिवस जब वह घर पर था तो उसके पास व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह मनोज कुमार बोल रहा है और वह उसके नंबर पर 20 हजार रुपये भेज रहा है। वह यह 20 हजार रुपये उसके द्वारा दिए गए नंबर पर ट्रांसफर कर दें। इसके बाद उसके मोबाइल पर 20 हजार रुपये खाते में आने का एक मैसेज मिला। इस पर उसे लगा कि उसके खाते में 20 हजार रुपये आ गए है। इसके बाद उसने मनोज द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर 10 हजार भेज दिए। जब वह दोबारा 10 हजार भेजने लगा तो ट्रांजेक्शन फेल हो गई। इसके बाद उसका लडक़ा घर आया तो उसने उसे पैसे भेजने से रोक दिया और बताया कि उसके साथ धोखाधड़ी हो रही है। इसके बाद उसने अपने साथ हुए फ्रॉड बारे साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में भूना पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पहलगाम हमले में मारे गए सैलानियों को आईटी एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

*सभी कंप्यूटर दुकानों को पूरी तरह से बंद रखा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। पहलगाम हमले में मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि देते हुए।

आईटी एसोसिएशन सिरसा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सभी कंप्यूटर दुकानों को पूरी तरह से बंद रखा। एसोसिएशन के सदस्यों ने मिलकर इस हमले में मारे गए निर्दोष भारतीय नागरिकों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। एसोसिएशन के प्रधान अंकुश खन्ना, उपप्रधान संदीप मक्कड़, खजांची रमेश जांगड़ा, सुरेश मेहता, वीरेंद्र, मुकेश जांगड़ा, संजय जैन, रोमी, विशाल शर्मा और मोहित मेहता सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि पहलगाम में हुई घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि पहले पठानकोट, फिर उदयपुर, पुलवामा और अब पहलगाम में आतंकियों ने खूनी खेल खेला, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि बार-बार हो रही घटनाओं को देखते हुए सरकार को इस मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 तो हटा दी, लेकिन वहां शांति अभी भी कायम नहीं हो सकी है। वहां के लोगों की भी यही मांग है कि धारा 370 हटाने के साथ-साथ यहां शांति कायम की जाए, ताकि लोग आराम से जीवन यापन कर सकें।

## डंकी रूट से अमेरिका भेजने के नाम पर 32 लाख ठगने का आरोप, एसपी से एजेंट सहित 3 पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- अगल-अगल देशों की इमीग्रेशन के नाम पर लूटे पैसे
- पत्र लिखकर लगाई न्याय की गुहार

डंकी रूट से जिले के एक युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर उससे 32 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित युवक ने फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजकर एजेंट व उसके सहयोगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उसे पैसे वापस दिलवाने की गुहार लगाई है।

शिकायत में टोहाना के गांव सलेमपुरी, नलका ढाणी निवासी सुखजीत सिंह ने कहा है कि सुखविन्द्र सिंह उर्फ सुखा पुत्र देशराज निवासी कुलां ने उसके पड़ोस में जमीन ठेके पर ली हुई है। सुखविन्द्र ने उससे कहा कि उसकी कई लोगों से जान पहचान है जो उसे डंकी रास्ते से अमेरिका भेज सकता है। उसे अमेरिका भेजने के नाम पर 32 लाख की बात हुई। सुखविन्द्र ने फाइल के नाम पर 1 लाख रुपये ले लिए और बकाया वीजा लगने पर अमेरिका पहुंचने के बाद देने की बात हुई। इसके बाद सुखविन्द्र ने फाइल चार्ज के नाम पर उससे 5 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद नवंबर 2022 में सुखविन्द्र ने उससे कहा कि उसकी टिकट व मैक्सिको में रहने का प्रबंध करना है, इसलिए वह 10 लाख रुपये ओर दे। इसके बाद नवंबर 2022 में उसने सुखविन्द्र को 10 लाख नकद दे दिए। इसके बाद सुखविन्द्र ने 16 नवंबर 2022 को उसे इमीग्रेशन की तैयारी के लिए दिल्ली बुलाया लेकिन वहां सुखविन्द्र न आया। इस पर जब उसने अपनी टिकट को चैक करवाा तो पाया कि फ्लाइट की टिकट नकली है और 22 नवंबर को मैक्सिको की कोई फ्लाइट नहीं है। जब उसने सुखविन्द्र से इसको लेकर बात की तो उसने कहा कि किसी कारणवश वह उसे मैक्सिको की बजाय इंग्लैंड के रास्ते भेजेंगे। इसके बाद जनवरी 2023 में सुखविन्द्र ने इंग्लैंड की हवाई टिकट के नाम पर 2 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद फरवरी 2023 में सुखविन्द्र के नाम पर उसने राजपुरा के कर्णताज को 12 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद भी सुखविन्द्र ने उसे पहले दिल्ली और बाद में मुम्बई बुलाया लेकिन उसे कोई टिकट व वीजा नहीं दिया और लगातार बहाने बनाते रहा। इसके बाद सुखविन्द्र ने उसे इजिप्स का वीजा व टिकट दी जिसके बाद वह इजिप्ट चला गया। वहां उसके पास एलसेलवाडोर देश की टिकट भेजी और 4 लाख रुपये मांगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो उसकी टिकट कैंसल करवा दी और फोन उठाना बंद कर दिया। सुखजीत ने कहा कि इसके बाद वह वापस इंडिया आ गया और सुखविन्द्र से अपने पैसे वापस मांगे तो सुखविन्द्र ने उसे रशिया भेजा और कहा कि रशिया से वह यूरोपीय देश की डंकी लगवा देगा। रशिया पहुंचने पर सुखविन्द्र ने उससे अढ़ाई लाख रुपये मांगे लेकिन उसने पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद वह वापस इंडिया आ गया और सुखविन्द्र से पैसे मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से इंकार कर दिया। उसने एसपी को शिकायत पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उसे पैसे वापस दिलवाने की मांग की है।

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवासः पदम सिंह ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- उन्होंने कहा कि विद्यार्थी न केवल मोबाइल से दूर रहें, बल्कि कुसंगति का शिकार होने से भी बच जाते हैं।

स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में ही निवास करता है और शतरंज में जीत के लिए न केवल स्वस्थ मस्तिष्क होना चाहिए, बल्कि जो व्यक्ति योग एवं ध्यान साधना का समय समर्पित करते हैं, उनके मन से डर तो निकलता ही है, उसके साथ-साथ मर्यादा का निवास भी होता है।

यह बात पदम सिंह ठाकुर चेयरमैन जिला उपभोक्ता संरक्षण कमीशन सिरसा ने देव प्रकाश मोंगा मैमोरियल जिला स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप में खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने सभी प्रतिभागियों व उनके साथ आए अभिभावकों को खेल में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी न केवल मोबाइल से दूर रहें, बल्कि कुसंगति का शिकार होने से भी बच जाते हैं। परन्तु यह सभी माता-पिता नहीं कर पा रहे, जो कि होना चाहिए।

खिलाड़ी अमरजोत सिंह एवं रविंद्र मोंगा एडवोकेट ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 120 खिलाडिय़ों ने भाग लिया।

अंडर-7, 13, 17 आयु वर्ग के बच्चों की प्रतियोगिता सोनीपत में 3 व 4 मई 2025 को एसआरएम यूनिवर्सिटी में होगी एवं अंडर-9, 15 आयु वर्ग के बच्चों की प्रतियोगिता फरीदाबाद में 24 व 25 मई को होगी, वहीं अंडर-11, 17 आयु वर्ग के बच्चों की प्रतियोगिता झ्ज्जर में होगी। प्रतियोगिता के परिणामों में अंडर-17 आयु वर्ग के लडक़ों के गुरप में मिवांश बियानी, दिल्ली पब्लिक स्कूल सिरसा ने प्रथम, तनुष गुप्ता तथा इसी आयु वर्ग की लड़कियों के गुरप में सेंट एमएसजी स्कूल सिरसा की जोई ने प्रथम व गुरसीरत कौर, गुरनानक पब्लिक स्कूल सिरसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-9 आयु वर्ग के लडक़ों के गुरप में अदित्या भारद्वाज, सतलुज पब्लिक स्कूल सिरसा ने प्रथम, सरयांश गोयल, सेंट एमएसजी स्कूल सिरसा ने द्वितीय तथा इसी आयु वर्ग के लड़कियों के गुरप में प्रथम नवकीरत कौर सेंट फ्रांसिस स्कूल सिरसा व गीत धुंधारा केवी स्कूल सिरसा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



सिरसा। नवनियुक्त पदाधिकारी।

## सेवानिवृत कर्मचारियों की बैठक में कृष्ण संधा चुने गए प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- डा. रवि दत्त को उपप्रधान, मास्टर बिकर राज को सचिव, मास्टर नेक ढोट को खजांची नियुक्त किया गया

गांव दड़बी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में कृष्ण संधा को प्रधान, डा. रवि दत्त को उपप्रधान, मास्टर बिकर राज को सचिव, मास्टर नेक ढोट को खजांची नियुक्त किया गया है। इसके अलावा वेद कुमार, मुख्य संरक्षक एसडी विद्यार्थी, उप संरक्षक हरिचंद, ऑडिटर लाल चंद मुत्ती तथा प्रेस प्रवक्ता सरदार कृपाल सेठी को चुना गया है। कार्यकारिणी का गठन आगामी दो वर्षों के लिए किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे। सभी ने अपनी नियुक्ति के लिए कार्यकारिणी के सदस्यों का आभार जताया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कार्यकारिणी का विश्वास दिलाया है कि वे संगठन के हित में काम करेंगे।

### नहर रजवाहों में सिंचाई के लिए भी पानी छोड़े जाने की मांग

## सिंचाई पानी को लेकर उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

- महंगे भाव में जमीन ठेका पर लेकर खेती करने वाले किसान अधिक चिंतत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




सिरसा। उपायुक्त को मांग पत्र सौंपने पहुंचे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

जिला के दर्जनों गांवों के सरपंचों ने मंगलवार को नहरों, रजवाहों में पानी छोडऩे की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर पहुंच कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। बड़ागुढ़ा ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन प्रधान प्रगट सिंह दंदीवाल ने बताया कि इस बार नहरी पानी की लंबी बंदी के चलते लोगों को पीने के पानी तथा खेतों में सिंचाई के लिए पानी की कमी रही है।

चाहे नहर रजवाहों में कुछ दिन के लिए पानी छोड़ दिया गया है लेकिन इस छोड़े गए पानी से जोहड़ों तथा जलघरों में बनी डिगियों में पर्याप्त मात्रा में पानी जमा नहीं हो पाएगा। इसके अलावा किसानों द्वारा मजबूरन सावनी फसलों के लिए टयूबवेल चलाकर खाली बना कर सिंचाई कर हाथों से बीज बोए जा रहे हैं, लेकिन अत्यंत गर्मी के कारण उगते ही फसलें जल रही है।

यदि यही स्थिति रही तो इस बार किसान बीटी काटन कपास नरमा की बिजाई से वंचित रह जाएंगे। सरपंचों ने अपने मांग पत्र में लिखा कि क्षेत्र में काटन बेल्ट में अगेती बिजाई ही कामयाब है देरी से की गई बिजाई अधिक गर्मी में उगते ही जल जाती है। समय पर बिजाई करने के चक्कर में नहरी पानी की कमी के चलते मजबूरन टयूबवेल चलाकर किसानों द्वारा सिंचाई कर फसलें बोई जा रही है, लेकिन फसलें उगते ही जल रही है उससे लगता है कि कहीं किसान फसलों से वंचित न रह जाए। सावनी फसलों के लिए नहरी पानी की अधिक आवश्यकता है इसलिए नहर रजवाहों में सिंचाई के लिए भी पानी छोड़ा जाए ताकि किसी को कोई परेशानी न आए। गौरतलब है कि इससे पहले किसान संगठनों ने भी नहरी पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। गर्मी में जमीनी जल स्तर में भी गिरावट आई है और यदि नहरी पानी की किल्लत के चलते यही स्थिति रही तो खेतीबाड़ी धंधा चौपट हो कर रह जाएगा जिसे लेकर महंगे भाव में जमीन ठेका पर लेकर खेती करने वाले किसान अधिक चिंतत है।

## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद के मॉडल टाऊन से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद के मॉडल टाऊन से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मल्लड़ हाल भाटिया कालोनी फतेहाबाद निवासी हरजिन्द्र सिंह ने कहा है कि गत दिवस सुबह वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को मॉडल टाऊन स्थित आईसीएस कोचिंग सैंटर के बाहर खड़ा किया और एक दुकान में चला गया। कुछ देर बाद जब वह दुकान से बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर बाईक की तलाश शुरू कर दी है।

### भोड़ियाखेड़ा में पढ़ने आई स्कूली छात्रा लापता

**फतेहाबाद।** गांव भोडियाखेड़ा में पढने आई एक स्कूली छात्रा के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भूथन खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 20 साल की पोती गत दिवस पढने के लिए भोडियाखेड़ा के स्कूल में गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी के मामले में युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के 5 साल पुराने मामले में एक युवक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू पुत्र महेन्द्र निवासी खाबा पट्टी, नरवाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 15 मार्च 2019 को गांव संगतपुरा जिला संगरूर निवासी परमजीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका भांजा डीएवी स्कूल, टोहाना में पढने आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को स्कूल के बाहर खड़ा किया था जहां से अज्ञात चोर उसका मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर एक युवक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है।

### सड़क हादसे का आरोपी गिरफ्तार, कार बरामद

**फतेहाबाद।** सदर फतेहाबाद पुलिस ने सडक़ हादसे के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान संतराम पुत्र चंद्राम निवासी बड़ोपल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक्सीडेंट करने वाली कार को भी बरामद किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 10 अप्रैल को गांव चिंदड़ निवासी हरि सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस जांच में जुटी है।

14 अप्रैल को गेहूं की खरीद शुरू हुई थी

# मंडियो में खरीद से ज्यादा उठान पर बवाल सख्ती के बाद रणनीति बनाने में जुटे डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




जब से गेहूं की खरीद शुरू हुई है तब से अनाज मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर खरीद से ज्यादा उठान को लेकर बवाल मचा हुआ है। 14 अप्रैल को गेहूं की खरीद शुरू हुई थी। इससे पूर्व फतेहाबाद की अनाज मण्डी में गेहूं खरीद का जिम्मा हरियाणा वेयर हाऊस और हैफेड के पास था लेकिन फतेहाबाद व्यापार मंडल का मानना था कि जब डीएफएससी खरीद एजेंसी को गेहूं खरीद की जिम्मेवारी नहीं दी जाती, तब तक अनाज मण्डी में गेहूं का उठान सुचारू नहीं हो पाएगा। हालांकि सरकार ने डीएफएससी को फतेहाबाद मण्डी में गेहूं खरीद का जिम्मा सौंप दिया, लेकिन उसके बावजूद भी यहां गेहूं का उठान प्रोपर तरीके से नहीं हो रहा। यही कारण है कि अनाज मण्डी का व्यापार मंडल व आढ़ती प्रतिदिन एजेंसियों की मनुहार कर रहे हैं। फतेहाबाद जिले में हैफेड ने सबसे ज्यादा गेहूं खरीद करके लिफ्टिंग भी सबसे ज्यादा की। दूसरे नंबर पर डीएफएससी खरीद एजेंसी रही। हरियाणा वेयर हाऊस खरीद में तीसरे नंबर पर रही। उसके बावजूद उसके उठान पर सवालिया निशान लग रहे हैं। व्यापार मंडल प्रतिदिन हरियाणा वेयर हाऊस के डीएम को कोस रहा है। गेहूं खरीद के नोडल अधिकारी व डीएफएससी विनीत जैन भी मानते हैं कि उठान में कहीं न कहीं देरी हो रही है।

### फतेहाबाद मण्डी में खरीद व उठान की स्थिति

फतेहाबाद की अनाज मण्डी में 14 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हुई थी। गेहूं की खरीद एजेंसियां खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड व हरियाणा वेयर हाऊस तीनों ने अब तक 13 बार गेहूं की खरीद की। तीनों एजेंसियों ने कुल 15 लाख बोरी गेहूं की खरीद की है। इसमें से 7 लाख 88 हजार 640 बोरियों का उठान कर लिया गया है जबकि 6 लाख 76 हजार 140 बोरियां अभी भी मण्डी में पड़ी हुई हैं। इनमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की 2 लाख 13 हजार 200 बोरियां, हैफेड की 2 लाख 9 हजार 580 बोरियां व हरियाणा वेयर हाऊस की 2 लाख 52 हजार 360 बोरियां शामिल हैंफतेहाबाद में गेहूं उठान में हो रही देरी की खबरें छपने के बाद उच्चाधिकारी भी हरकत में आ गए। मंगलवार को अवकाश के दिन उच्चाधिकारियों ने डीएफएससी को फोन करके तीनों खरीद एजेंसियों के डीएम की मीटिंग बुलाकर उठान में तेजी लाने को कहा। डीएफएससी विनीत जैन ने हैफेड के जिला प्रबंधक राजेश हुड्डा, वेयर हाऊस के डीएम सुमित कुमार व डीएफएससी के प्रभारी की बैठक ली।

### डीसी भी हुई सख्त, उठान में तेजी लाने को कहा

*उपायुक्त मनदीप कौर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों और खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए है कि वे जिला की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल के उठान कार्य में तेजी लाए। इसके साथ ही किसानों की खरीद गई फसल का भुगतान भी निर्धारित समयावधि में करें। उपायुक्त ने बताया कि खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए है कि वे किसानों की खरीद गई फसल का भुगतान निर्धारित समयावधि में करें उन्होंने कहा कि किसानों की गेहूं की फसल का एक-एक दाना सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।*

### जिले में 37517 किसानों को किया 822 करोड़ का भुगतान

*जिला की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 572169 मीट्रिक टन गेहूं फसल की आवक हुई है जिसमें से फूड सप्लाई ने 85232 मीट्रिक टन, हैफेड ने 273236 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 193326 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 20374 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इसके साथ ही जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 369912 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 57082 मीट्रिक टन, हैफेड ने 179124 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 118528 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 15177 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। जिला में अब तक विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 37517 किसानों को उनकी खरीदी गई गेहूं फसल के लिए 882.55 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।*

## फतेहाबाद के चेस प्लेयर युवराज ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


शतरंज खिलाड़ी युवराज।

■ अंडर-14 केटेगरी में खेलते हुए युवराज ने किया उम्दा प्रदर्शन

केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से अम्बाला में आयोजित 54वीं रीजनल स्पोर्ट्स मीट-2025 अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चेस चैम्पियनशिप अंडर-14 में फतेहाबाद के चेस प्लेयर युवराज मीणा ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। केंद्रीय विद्यालय बड़ोपल के छात्र युवराज ने अपने स्कूल की ओर से चैम्पियनशिप में पहली बार भाग लिया और सभी 5 मैच जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अम्बाला केवीएस-3 में हुई इस चेस चैम्पियनशिप में युवराज ने हिमाचल प्रदेश के अपने सीनियर प्लेयर वेदांत ठाकुर के साथ 4-4 के बराबरी के पॉइंट के साथ 5वां और फाइनल राउंड का मैच जीतकर उपरोक्त जीत दर्ज की। युवराज मीणा ने अपने पहले ही प्रयास में रीजनल गेम जीतकर केंद्रीय विद्यालय नेशनल चेस चैम्पियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का किया है। युवराज ने इस जीत का श्रेय अपने कोच प्रमोद कुमार व केंद्रीय विद्यालय स्कूल प्रशासन को दिया है। इससे पहले युवराज वर्ष 2024 में रोहतक में आयोजित हरियाणा स्कूल स्टेट टूर्नामेंट में अंडर-11 केटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल कर चुका है। इसी महीने 19 अप्रैल को जिला शतरंज एसोसिएशन के टूर्नामेंट में अंडर-11 केटेगरी में भी युवराज ने सभी 5 मैच जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया था और यहां से हरियाणा स्टेट चेस चैम्पियनशिप के लिए युवराज का नाम फाइनल किया गया है। इसी साल जनवरी में आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में स्कूल का नाम रोशन किया।

### अक्षय तृतीया का हिंदू धर्म में है महत्वपूर्ण स्थानः डा. पुनीत

सिरसा। वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि यानि, 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाया जाएगा। वास्तुकार डा. पुनीत गोयल ने बताया कि भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित अक्षय तृतीया का हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान परशुराम जी का भी जन्म हुआ था। इसलिए इसे भगवान परशुराम जी के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं। एक कथा के अनुसार भागीरथ के प्रयासों से माता गंगा जी का धरती पर अवतरण भी इसी दिन हुआ था। देवी अन्नपूर्णा का जन्मदिन भी इसी दिन मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते हैं, उसमें वृद्धि होती है और नए कार्य को शुरू करने से उसमें अपार सफलता मिलती है। इसके अलावा इस दिन परिणाम सूत्र में बंधे दंपतियों का जीवन अत्यंत प्रेम भरा होता है। अक्षय तृतीया के दिन इस कथा को अवश्य सुनना चाहिए, कि एक धर्मदास नाम के व्यक्ति ने अक्षय तृतीया का व्रत किया। इसके बाद किसी ब्राह्मण को दान में पंखाए जों, नमक, गेहूं, गुड़, सोना और दही दिया। यह सब देखकर उनकी पत्नी को बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। उसने अपने पति को रोकने का बहुत प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानें। वो हर साल पूरी श्रद्धा और आस्था से अक्षय तृतीया का व्रत करते और दान पुण्य करते थे।

## भूना पुलिस ने सोना चोरी करने के मामले में बंगाली कारीगर को दबोचा, सोना बरामद

24 अप्रैल को उसकी दुकान से 85 ग्रामसोना लेकर फरार हो गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


पकड़ा गया बंगाली कारीगर।

■ पुलिस ने आरोपी को भूना बस स्टैंड के पास से पकड़ा

भूना पुलिस ने एक ज्वेलर्स की दुकान से सोना चोरी करने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी बंगाली कारीगर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान असलम पुत्र जाकिर हुसैन निवासी हुगली, कोलकाता हाल वार्ड नं. 1, भूना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी किया गया सोना भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी को मंगलवार को माननीय अदालत में पेश कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 25 अप्रैल को गांव बुवान निवासी निर्मल सोनी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी टोहाना रोड पर निर्मल ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। 4-5 सालों से उसके पास असलम नामक युवक कारीगर का काम करता था। उक्त कारीगर 24 अप्रैल को उसकी दुकान से 85 ग्रामसोना लेकर फरार हो गया है। इस मामले में भूना पुलिस ने सूचना मिलते ही शिकायत दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इस मामले में जांच अधिकारी एचसी कुलदीप सिंह ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे भूना बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से चोरीशुदा सोने को बरामद कर लिया।

पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## स्थापना दिवस पर इनेलो ने जिलेभर में चलाया हर घर झंडा अभियान

पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। स्थापना दिवस पर हर घर झंडा अभियान के शुरूआत करते इनेलो जिला प्रधान।

इनेलो के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर हर घर झंडा अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने पार्टी कार्यालय में पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल व पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल 1998 को चौ. देवीलाल ने इनेलो की नींव रखी थी और ओमप्रकाश चौटाला ने जनकल्याण के कार्य करते हुए इस पार्टी को सत्तारूढ़ करते हुए हरियाणा को विकसित प्रदेश बनाया था। बाद में कांग्रेस और भाजपा के दस दस सालों के दौरान हरियाणा को भेदभाव की राजनीति का शिकार बनाते हुए प्रदेश को विनाश की डगर पर ले जाया गया। इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर अब इनेलो के प्रत्येक कर्मठ सिपाही ने संकल्प लिया है कि इनेलो को फिर सत्तासीन कर हरियाणा को एक बार फिर चौधरी देवीलाल व ओमप्रकाश चौटाला के सपनों का हरियाणा बनाएंगे। इस मौके पर इनेलो जिलाध्यक्ष के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला, विनोद बेनीवाल, गंगाराम बजाज, जसविंद्र बिंदु, गुरविंद्र सिंह सरपंच, ओमप्रकाश कमेटीवाले, मास्टर गुरतेज, गुरदयाल मेहता, गुरप्रीत गिल, प्रमोद रीढ, पप्पु एमसी, मुख्तयार कंबोज सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## धारसूल कलां से गेहूं चुराने के मामले में दो युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद


फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए चोर।

सदर टोहाना पुलिस ने गांव धारसूल कलां से गेहूं चोरी करने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान विनोद उर्फ विनोदी पुत्र हरनेक सिंह व सोमबीर उर्फ काली पुत्र अमर सिंह निवासी धारसूल कलां के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चुराई गई 28 बैग गेहूं व एक मोटरसाइकिल को बरामद किया है। डीएसपी टोहाना उमेद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 27 अप्रैल को गांव धारसूल कलां निवासी दीपक कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार रात को अज्ञात चोर उसकी 28 बैग गेहूं चोरी कर ले गए है। चोरीशुदा गेहूं की कीमत करीब 28 हजार रुपये बताई गई थी। इस मामले में सदर टोहाना पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी और जांच अधिकारी ने आरोपियों बारे अहम सुराग जुटाते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## खेलो इंडिया में चयनित खिलाड़ियों का सम्मान


भूना। खेलो इंडिया में चयनित हसंगा की बेटियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

गांव हसंगा की बेटियों का चयन खेलो इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन सभी को बाबा मुनि महाराज स्पोर्ट्स क्लब ने तैयार किया है। बेटियों की इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत हसंगा ने उन्हें किट देकर सम्मानित किया। सरपंच वकील सहारण ने कहा कि बेटियों को खेलों में हर संभव मदद दी जाएगी। पंचायत सदस्यों ने भी खिलाडियों को आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

कोच गंगाधर सिहाग ने बताया कि हसंगा की लड़कियों की कबड्डी टीम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीत चुकी है। राष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने पहला स्थान हासिल किया था। इसी के आधार पर खेलो इंडिया में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि बेटियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकारी स्कूल के खेल मैदान में कोच सुरेश कुमार की मेहनत से बेटियां आगे बढ़ रही हैं। पंचायत ने गांव के युवाओं को खेलों में आगे बढने पर आर्थिक मदद और विशेष सम्मान देने का आश्वासन दिया है।

### देश के दुश्मनों के सफाये के लिए सतपाल बाजीगर ने सरकार को अपना जीवन कुर्बान करने की पेशकश की

**फतेहाबाद।** देशसेवा के लिए हर समय आगे रहने वाले क्षेत्र के प्रमुख युवा समाजसेवी सतपाल बाजीगर ने एक बार फिर देश के लिए अपना जीवन कुर्बान की पेशकश की है। देश से आतंकियों के सफाये और देश के दुश्मनों को सबक



सिखाने के लिए सतपाल बाजीगर ने घोषणा की है कि अगर सरकार को कहीं भी उनकी शारीरिक तौर पर जरूरत हो, वह बेझिझक होकर इसके लिए तैयार है। इसको लेकर सतपाल बाजीगर ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को भी पत्र लिखा है। गांव हिजरावां कलां निवासी सतपाल बाजीगर ने कहा कि पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर हमला करके देश के दुश्मनों ने देशवासियों को अंदर तक झकझोर कर रख दिया है। ऐसे दुश्मनों का अब पूरी तरह सफाया करने का समय आ गया है। भारत सरकार इसको लेकर सख्त कदम उठा रही है। सतपाल बाजीगर ने कहा कि ऐसे दुश्मनों के सफाये के लिए अगर वह देश के कोई काम आ सकते हैं तो वह इसके लिए तैयार है। वह पूरी तरह अपने आपको देश के हवाले करते हैं। सरकार जैसे चाहे उनके शरीर का प्रयोग कर सकती है। सतपाल बाजीगर ने कहा कि अगर वह दुश्मनों के खिलाफ अपना शरीर कुर्बान करते हैं तो इससे बड़ी सौभाग्य की बात उनके लिए कोई नहीं हो सकती। बता दें कि कोरोना काल के समय भी समाजसेवी सतपाल बाजीगर ने कोरोना वैक्सीन के ट्रायल के लिए अपना शरीर दान करने की घोषणा की थी। लोगों का भी कहना है कि जब ऐसे युवा देशभक्त हमारे यहां है तो ऐसी कोई ताकत नहीं, जो हमारे देश की तरफ आंख भी उठा सकें।

### फतेहाबाद पुलिस ने किसान पर हमला करने के मामले में दो और युवकों को किया काबू

***फतेहाबाद।** गांव अयाल्की में एक किसान पर हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो और युवकों को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान सुनील कुमार पुत्र महाबीर सिंह व विकास पुत्र बलविन्द्र सिंह निवासी अयाल्की के रूप में हुई है। इस मामले में तीन युवकों जगदीप, गुरदीप सिंह पुत्र गुरसंगत सिंह व मुकेश उर्फ फौजी पुत्र हरी सिंह निवासी अयाल्की को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 21 अप्रैल को ढाणी खानपुर निवासी करनैल सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह कम्बाइन लेकर खेतों की तरफ जा रहा था तो रास्ते में पिकअप गाड़ी में आए दो युवकों जगदीप व फौजी ने उसके साथ गाली गलौच किया और बाद में अपने साथियों को बुलाकर उस पर लोहे की राड से हमला कर दिया। इसी दौरान युवक ने उसकी जेब से 20 हजार रुपये भी निकाल लिए।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

दिग्विजय एवं रित्विक ने मंच संचालन कर वाहवाही लूटी

## क्रेसण्ट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया इंटरनेशनल डांस डे

*क्रेसंट स्कूल में 'नृत्य की कलात्मकता एवं उसके सांस्कृतिक महत्व' को बढ़ाने के लिए इंटरनेशनल डांस डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसका उद्देश्य नृत्य को कला एवं शिक्षा के माध्यम से बढ़ावा देना, साथ ही विद्यार्थियों को नृत्य के माध्यम से एकजुट करना था*

तृप्ति व ईशान ने अपने व्याख्यान में नृत्य के महत्व का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद


फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में इंटरनेशनल डांस डे पर प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्या।

क्रेसंट स्कूल में 'नृत्य की कलात्मकता एवं उसके सांस्कृतिक महत्व' को बढ़ाने के लिए इंटरनेशनल डांस डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसका उद्देश्य नृत्य को कला एवं शिक्षा के माध्यम से बढ़ावा देना, साथ ही विद्यार्थियों को नृत्य के माध्यम से एकजुट करना था। दिग्विजय एवं रित्विक के मंच संचालन में तृप्ति व ईशान ने अपने व्याख्यान में नृत्य के महत्व का वर्णन किया। मनन व अनन्या ने बताया कि नृत्य अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। सौम्या ने 'नृत्य का विश्व दिवस आज मनाए, नृत्य की शक्ति को हम सब गाएं' कविता का सस्वर वाचन किया। सेजल ने उपस्थित विद्यार्थियों से अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस से संबंधित रोचक सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

### आल तू जलाल तू जैसे लोकप्रिय गीतों पर नृत्य पर प्रस्तुतियां ने मोहा सबका मन

*कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य रहा, जिसमें उन्होंने 'छोटा बच्चा जान के, ना कोई आंख दिखाना और आल तू जलाल तू जैसे लोकप्रिय गीतों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कक्षा छठी व सातवीं की छात्राओं ने बॉलीवुड की जानी-मानी कोरियोग्राफर सरोज खान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सेमी क्लासिकल गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति एवं छात्रों ने भांगड़ा की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि नृत्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का सशक्त माध्यम है।*